अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन शताब्दी समारोह

drishtiias.com/hindi/printpdf/international-labor-organization-centenary-celebrations

चर्चा में क्यों?

संयुक्त राष्ट्र की सबसे पुरानी और विशेष एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (International Labour Organization-ILO) 2019 में अपनी 100वीं वर्षगांठ मना रही है।

प्रमुख बिंदु

भारत में श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय की तरफ से इस समारोह का आयोजन नोएडा स्थित वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में किया गया है।

ilo

- समारोह के दौरान 'काम के भविष्य पर वैश्विक आयोग' (Global Commission on the future of Work) द्वारा भारत के विशेष संदर्भ में 'काम का भविष्य' (future of Work) पर पेश की गई रिपोर्ट पर सभी हितधारकों (श्रमिक संगठन, नियोक्ताओं के प्रतिनिधिगण एवं सरकारी प्रतिनिधिगण) ने विचार-विमर्श किया।

- शताब्दी के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की सात पहलें
    - ♦ फ्यूचर ऑफ वर्क इनिशिएटिव (Future of Work Initiative)
    - ♦ एंड टू पावर्टी इनिशिएटिव (End to Poverty Initiative)
    - ♦ वीमेन एट वर्क इनिशिएटिव (Women at Work Initiative)
    - ♦ द ग्रीन इनिशिएटिव (The Green Initiative)
    - ♦ द स्टैंडर्ड्स इनिशिएटिव (The Standards Initiative)
    - ♦ द इंटरप्राइज़ेज़ इनिशिएटिव (The Enterprises Initiative)
    - ♦ द गवर्नेंस इनिशिएटिव (The Governance Initiative)

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (International Labour Organization - ILO)

- यह 'संयुक्त राष्ट्र' की एक विशिष्ट एजेंसी है, जो श्रम संबंधी समस्याओं/मामलों, मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानक, सामाजिक संरक्षा तथा सभी के लिये कार्य अवसर जैसे मामलों को देखती है।
- यह संयुक्त राष्ट्र की अन्य एजेंसियों से इतर एक त्रिपक्षीय एजेंसी है, अर्थात् इसके पास एक 'त्रिपक्षीय शासी संरचना' (Tripartite Governing Structure) है, जो सरकारों, नियोक्ताओं तथा कर्मचारियों का (सामान्यतः 2:1:1 के अनुपात में) इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रतिनिधित्व करती है।
- यह संस्था अंतर्राष्ट्रीय श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाली संस्थाओं के खिलाफ शिकायतों को पंजीकृत तो कर सकती है, किंतु सरकारों पर प्रतिबंध आरोपित नहीं कर सकती है।
- इस संगठन की स्थापना प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात् 'लीग ऑफ नेशन्स' (League of Nations) की एक एजेंसी के रूप में सन् 1919 में की गई थी। भारत इस संगठन का एक संस्थापक सदस्य रहा है।
- इस संगठन का मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के जेनेवा में स्थित है।
- वर्तमान में 187 देश इस संगठन के सदस्य हैं, जिनमें से 186 देश संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से हैं तथा एक अन्य दक्षिणी प्रशांत महासागर में अवस्थित 'कुक्स द्वीप' (Cook's Island) है।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 1969 में इसे प्रतिष्ठित 'नोबेल शांति पुरस्कार' प्रदान किया गया था।

स्रोत- ILO की वेबसाइट